दिनांक 23.09.2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मित्तल हॉस्पिटल के द्वारा निगम के संपवेल पर किया जा रहा था कब्जा , निगम ने की कार्रवाई
-हॉस्पिटल के बाउंड्री वाल से लगे भूमि पर स्थापित है निगम का संपवेल एवं पंप हाउस

भिलाईनगर/ नेहरूनगर क्षेत्र में निगम के राजस्व विभाग की टीम ने निगम की भूमि पर कब्जा करने को लेकर मित्तल हॉस्पिटल के द्वारा निर्मित किए गए बाउंड्री वॉल को तोड़ा! वही वैशाली नगर जोन 02 की टीम ने केम्प 01 में नाली पर कब्जा कर बनाये गए दीवार को तोड़कर कब्जा हटाया। दोनों ही कार्यवाही में बेदखल कर तोड़फोड़ उपरांत सामग्री को जप्त किया गया। निगम क्षेत्र में अतिक्रमण, अवैध निर्माण करने वालों पर शिकंजा कसने निगम आयुक्त श्री प्रकाश सर्वे ने अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देश दिए हुए हैं! इसके लिए विशेष दस्ता का गठन किया गया है! नेहरू नगर जोन के सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे ने बताया कि जोन आयुक्त मनीष गायकवाड़ के निर्देश पर अवैध कब्जा करने वाले के विरूद्ध तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि मित्तल हास्पिटल प्रबंधन द्वारा हास्पिटल के पीछे निगम प्रशासन के पम्प हाउस की जमीन को घेरकर अपने कब्जे में ले लिया था , जिसकी शिकायत मिलने राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तोड़फोड़ कर सामग्री को जप्त किया गया। इसी प्रकार जोन 02 में भी तोड़फोड़ की कार्यवाही हुई।

जनसम्पर्क अधिकारी